सरकूलर नं0ः अपमा / 2016–2018 / 245 दिनांक : 19–12–2017

आप सभी व्यापारी भाईयों को सूचित किया जाता है कि सोमवार दिनांक 18–12–2017 को करोल बाग स्थित दिल्ली स्कूटर ट्रेडर्स एसोसियेशन ने उत्पादकर्ता पदाधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में दिल्ली सरकार के माननीय उपमुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री श्री मनीष सिसोदिया जी को आमंत्रित किया गया। इसके अलावा दिल्ली प्रदेश की विभिन्न–विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। चैम्बर ऑफ ट्रेड एण्ड इण्डस्ट्री के संयोजक श्री ब्रिजेश गोयल जी एवं अपमा महासचिव श्री विष्णु भार्गव जी बैठक में उपस्थित थे।

दिल्ली सरकार के माननीय उपमुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री श्री मनीष सिसोदिया जी ने कहा कि आगामी जीएसटी कॉउन्सील बैठक में दिल्ली सरकार की तरफ से मैं प्ुरजोर कोशिश करूंगा कि स्कूटर पार्टस एवं ऑटो पार्ट्स की जीएसटी दर को 28% से 18% किया जाए। माननीय उपमुख्यमंत्री श्री मनीष सिसोदिया जी ने कहा कि पूर्व में अपमा की तरफ से इस सन्दर्भ में कई ज्ञापन प्राप्त हो चुकें है, जिन्हें हमने अत्यन्त गंभीरता से लिया है। इसके बाद माननीय उपमुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री श्री मनीष सिसोदिया जी ने कहा कि जीएसटी के प्रावधानों से व्यापारी अभी उभर नहीं पाया है इसलिए दिल्ली सरकार ने जीएसटी कॉउन्सील में लिखकर दे दिया है कि अभी दिल्ली में ई–वे–बिल लागू नहीं करेंगे और उन्होंने आश्वासन दिया कि व्यापारियों के हितों के लिए दिल्ली सरकार सदैव तत्पर है।

सरकूलर नं0ः अपमा / 2016-2018 / 246

''अपमा पिकनिक मेला–2018''

अपमा पिकनिक मेला का आयोजन दो साल बाद किया जाता है, परन्तु पिछले साल नोटबंदी होने के कारण तीन साल बाद पिकनिक मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस पिकनिक मेले के माध्यम से आर्थिक राशि एकत्रित की जाती है। संस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए, अपमा डिस्पेन्सरी को चलाने के लिए एवं पिकनिक मेले के खर्चे के आयोजन हेतु अपमा पदाधिकारी, कार्यकारिणी एवं सदस्य अपना आर्थिक यागदान बढ़–चढ़ कर दे रहें है एवं अपमा टीम आपके पास पहुॅंच रही है, इसलिए आपसे अनुरोध है कि इस पुनीत कार्य के लिए आप अधिक से अधिक दिल खोल कर अपना योगदान दे।

साथियों, हो सकता है कि किसी कारण हमारी टीम आप तक नहीं पहुॅंच सकें तो आप अपना सहयोग नजदीकी पदाधिकारी, कार्यकारिणी या अपमा कार्यालय को सूचित कर सकते है। हमारा स्टॉफ आपसे सहयोग राशि ले जाऐगा। आपको उसकी रसीद पहुॅंचा दी जाऐगी।

(विष्णु भार्गव)
महासचिव